भूगोल वैकल्पिक विषय

प्रश्न 2:– भारतीय संदर्भ में ट्रिवार्था के जलवायु वर्गीकरण को प्रस्तुत कीजिए ? –15 Marks

उत्तर– ट्रिवार्था के जलवायु वर्गीकरण को कोपेन की योजना का संशोधित रूप माना जाता है। ट्रिवार्था का जलवायु वर्गीकरण भारत की वनस्पति, कृषि एवं भौगोलिक क्षेत्र से काफी मेल खाता है, यही कारण है कि ट्रिवार्था के जलवायु वर्गीकरण को भारत के लिए सामान्य वर्गीकरण माना जाता है, उन्होंने भारत की जलवायु को चार मुख्य भाग व सात उप–विभाग में विभाजित किया है–



जलवायु		विशेषताएँ	वितरण
संक्षिप्त नाम	पूरा नाम		
A_m	उष्ण कटिबंधीय मानसूनी वर्षा वन	❖ सालभर तापमान ऊँचा रहता है। ❖ वार्षिक तापान्तर काफी कम रहता है। ❖ सबसे गर्म महीने का औसत तापमान 29^{oC} होता है। ❖ सबसे ठण्डे महीने का औसत तापमान 18^{oC} होता है। ❖ औसत वार्षिक वर्षा 250सेमी	❖ पश्चिमी तटीय प्रदेश, मुम्बई से दक्षिण का पश्चिमी घाट। ❖ उत्तरी–पूर्वी भारत। ❖ अण्डमान निकोबार।

		से अधिक होती है। ❖ उष्ण सदाबहार वनस्पतियॉ पायी जाती हैं।	
A_w	उष्ण कटिबन्धीय मानसूनी सवाना	❖ शीत ऋतु की लम्बी अवधि। ❖ सबसे गर्म महीने का औसत तापमान 32^{oC} होता है। ❖ सबसे ठण्डे महीने का औसत तापमान 18^{oC} होता है। ❖ औसत वार्षिक वर्षा 75 से 150सेमी। ❖ तमिलनाडु तट पर मुख्यतः जाड़े में वर्षा।	❖ पश्चिमी घाट पर्वत व वृष्टि छाया प्रदेश को छोड़कर सम्पूर्ण प्रायद्वीपीय भारत में।
BS	उष्ण कटिबन्धीय अद्ध–शुष्क स्टेपी जलवायु	❖ सबसे गर्म महीने का औसत तापमान 33^{oC} होता है। ❖ सबसे ठण्डे महीने का औसत तापमान 20^{oC} होता है। ❖ औसत वार्षिक वर्षा 44–75सेमी। ❖ वनस्पति के रूप में झाड़ी एवं घास।	❖ पश्चिम घाट प्रदेश का वृष्टि छाया प्रदेश। ❖ कर्नाटक, तमिलनाडु का आन्तरिक भाग। ❖ पश्चिमी आंध प्रदेश।
BS_h	उष्ण एवं उपोष्ण कटिबन्धीय स्टेपी	❖ सबसे गर्म महीने का औसत तापमान 35^{oC} होता है। ❖ सबसे ठण्डे महीने का औसत तापमान 12^{oC} होता है। ❖ औसत वार्षिक वर्षा 30–65सेमी। ❖ यह आर्द्र एवं शुष्क क्षेत्र के बीच का संक्रमण क्षेत्र है।	❖ कच्छ से लेकर पंजाब तक फैला एक अर्द्ध–चंद्राकार क्षेत्र।
BW_h	उष्ण एवं उपोष्ण मरूस्थलीय जलवायु	❖ सबसे गर्म महीने का औसत तापमान 35^{oC} होता है। ❖ सबसे ठण्डे महीने का औसत तापमान 11^{oC} होता है।	❖ पश्चिमी राजस्थान एवं कच्छ का क्षेत्र।

		❖ औसत वार्षिक वर्षा 30सेमी से कम। ❖ वार्षिक एवं दैनिक तापान्तर अत्यधिक।	
Caw	शुष्क जाड़े की ऋतु वाली आर्द्र उपोष्ण जलवायु	❖ जाड़े की शुष्क ऋतु ❖ पश्चिमी भाग में वर्षा की मात्रा 65सेमी तथा उत्तरी–पूर्वी भाग में 250सेमी तक। ❖ पश्चिमी भाग में कुछ वर्षा शीत ऋतु में पश्चिमी विक्षोभ के कारण होती है। ❖ पूर्वी भाग पश्चिमी भाग की अपेक्षा जाड़े में गर्म एवं गर्मी में अपेक्षाकृत ठण्डा होती है।	❖ उत्तर भारत का विशाल मैदान। ❖ ब्रम्हपुत्र घाटी।
H	पर्वतीय जलवायु	❖ उपोष्ण जलवायु से लेकर टुण्ड्रा जलवायु तक ❖ ऊँचा दैनिक एवं वार्षिक तापान्तर ❖ हिमालय क्षेत्र में पश्चिम से पूर्व की ओर वर्षा की मात्रा में वृद्धि एवं ऊँचाई के साथ–साथ वर्षा की मात्रा में कमी।	❖ 1500मीटर से अधिक का हिमालय एवं ट्रांस हिमालय का क्षेत्र।

शिव कुमार सिंह